Title: Need for a cantonment at Kaimur hills in Rohtas District, Bihar-Laid.

श्री राम प्रसाद सिंह (आरा) : बिहार राज्य के रोहतास जिले के अंतर्गत कैमूर की पहाड़ी पर अति प्राचीन रोहतासगढ़ का किला रोहतास थाने में अवस्थित है। यह किला राजा रोहिताश्व का बनाया हुआ है। यह एक प्रसिद्ध पर्यटन केन्द्र है। हजारों की संख्या में देशी-विदेशी यात्री इसे देखने के लिए प्रत्येक साल आते हैं। इसकी गौर व गाथा बड़ी पुरानी है। इधर कुछ वर्ों से यह किला असामाजिक तत्वों की शरणास्थली बन गया है, इस आशय का समाचार कई समाचार पत्रों में छपा है। इसकी मुक्ति के लिए सैनिक 12 बटालियन भेजने का भी सुझाव समाचार पत्रों में छपा है। समय रहते भारत सरकार द्वारा ध्यान नहीं दिया गया तो किला पूर्णतः अपराधियों और असामाजिक तत्वों की शरणस्थली बन जायेगा।

अतः आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि इस कैमूर पहाड़ी पर यथाशीघ्र सैनिक छावनी का निर्माण किया जाये ताकि इस किले की रक्षा हो सके और यहां शांति कायम हो सके।